epaper
हिन्दुस्तान

डिजिटल बैठक के बाद दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का खाका भी पेश किया

# कारोबार: भारत-यूएई में समझौता

19/02/2022

**नई दिल्ली । एजेंसी**

आर्थिक गठजोड़



भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने कारोबारी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए शुक्रवार को समग्र आर्थिक गठजोड़ समझौता (सीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। साथ ही आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य का खाका पेश किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबू धाबी के युवराज एवं यूएई के सशस्त्रत्त् बलों के उप सर्वोच्च कमांडर शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान के बीच डिजिटल माध्यम से हुई बैठक के बाद यह समझौता हुआ। कारोबारी समझौते पर भारत की ओर से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और यूएई के आर्थिक मामलों के मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मारी ने हस्ताक्षर किए। बैठक में मोदी और अल नाहयान ने संयुक्त दृष्टि पत्र जारी किया, जिसका शीर्षक भारत और यूएई समग्र सामरिक गठजोड़ में प्रगति : नए मोर्चे, नया मील का पत्थर है।

आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह बयान भारत और यूएई के बीच भविष्योन्मुखी गठजोड़ का खाका तैयार करता है और प्रमुख क्षेत्रों एवं परिणामों की पहचान करता है। सीईपीए विस्तारित बाजार पहुंच और कम शुल्क सहित दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार के लिए काफी सहायक होगा।